पुलिस का दावा- शिकायत मिलने के बाद की जा रही कार्रवाई

# बरखेड़ा पठानी में ब्लेकर आकाश पर कसा शिकंजा 70 लोगों को मैदान में शराब पीते हुए पकड़ा

सच प्रतिनिधि || भोपाल

बरखेड़ा पठानी में दो पुराने कुख्यात ब्लेकर्स द्वारा किया जा रहा अवैध शराब का धंधा सभी ओर चर्चाओं में आ गया है। यहां पर चारों तरफ से घिरा ओपन बार जब सुर्खियों में आया तथा मामला बड़े अधिकारियों तक पहुंचा तो लोकल पुलिस हरकत में आई तथा ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दस दिनों में ही 50 से ज्यादा लोगों को यहां से दबोचा। उनके खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पीने के कारण आबकारी अधिनियम की 36 बी धारा के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि सूचना मिली थी कि आकाश नाम का ब्लेकर यहां पर लंबे समय से सक्रिय है तथा वह बाहर की दुकानों से शराब लाकर यहां पर अवैध तरीके से बेचता है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आकाश को अवैध शराब के साथ धर दबोचा तथा कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हालांकि इसके इतर एक सच्च्वाई यह भी है कि आकाश की गिरफ्तारी के बाद भी यहां पर अवैध शराब की बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार ऋषिपुरम से एम्स की ओर जाने वाले रास्ते पर बरखेड़ा पठानी में इस इलाके के दो ब्लेकर्स द्वारा अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है।



फेंसिंग वाले मैदान में अंदर जाने वाले लोगों को ब्लेकर्स के गुर्गे कभी अंदर जाने से पहले तो कभी अंदर पेड़ों के बीच खड़े होकर शराब बेच देते हैं। इसके बाद लोग इस मैदार में बैठकर खुलेआम शराब पीते हैं। जानकारी के अनुसार इस ओपन बार में चेतक ब्रिज के पास स्थित वाइनशॉप से अवैध शराब लाई जाती है। चार पहिया वाहनों से शराब लाने के बाद इस ओपन बार के आसपास की दुकानों पर रख दी जाती है। ग्राहकों को शराब के बारे में बताने के लिए गुर्गे खड़े रहते हैं। सुबह से ही लोग इस मैदान में बैठकर शराब पीना शुरू कर देते हैं। यह सिलसिला रात तक जारी रहता है। जहां पर वे शराब पी रहे थे उसके ठीक सामने कुछ फीट की दूरी पर ही रिहायशी बस्ती है। घर के सामने ही शराबियों के उत्पात से परेशान लोग देर शाम के बाद अपने घरों से भी नहीं निकल पाते हैं। लंबे समय से चला आ रहा अवैध शराब का कारोबार जब सुर्खिया बना तथा बड़े अधिकारियों तक भी पहुंचा तो गोविंदपुरा पुलिस सक्रिय हुई तथा यहां पर कार्रवाई शुरू की। पुलिस का दावा है कि यहां आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। ज्यादातर समय यहां पर लेबर क्लास के लोग इकट्ठा होते हैं। वे सुबह से लेकर रात तक कभी भी आते हैं तथा ब्लेकर्स से शराब खरीदकर मैदान में बैठकर पीने लगते हैं। पुलिस कहना है कि यहां पर पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। जो लोग यहां पर शराब पीते हुए मिल रहे हैं उन पर कार्रवाई की जा रही है। चूंकि मैदान सभी ओर से खुला हुआ है इसलिए हर व्यक्ति पर तो नजर रखना मुश्किल है लेकिन जो लोग सड़क की ओर से मैदान में जा रहे हैं।

### पुलिस के दावे और हकीकत

**गोविंदपुरा पुलिस का दावा है कि बरखेड़ा पठानी में अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी यहां पर देर शाम को मैदान के किनारे पर मैदान की बाउंड्री के पास लोगों को शराब पीते हुए देखा जा सकता है। शाम को अपने काम से लौटने के बाद लेबर क्लास यहां पर पहुंचता है तथा अवैध रूप से ब्लेकर्स के गुर्गों से शराब खरीदकर यहां पर बैठकर शराब पीते हैं। पुलिस की गाड़ी मेन रोड से गुजरती है जबकि मैदान में पहुंचने वाले अलग-अलग रास्तों से अंदर पहुंचते है। यहां पर कुछ दुकानों में ब्लेकर्स अपनी अवैध शराब की पेटियां रख देते हैं तथा फुटकर-फुटकर बेचते हैं। पुलिस ने इस इलाके में मुखबिर सक्रिय किए हैं इसके बावजूद अवैध शराब की बिकवाली पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लग पाया है।**

**बरखेड़ा पठानी में अवैध शराब की बिक्री वहां पर लोगों के मैदान में बैठकर शराब पीने की शिकायत संज्ञान में आने के बाद सख्ती बढ़ाई है। यहां पर पुलिस की डायल-112 का प्वाइंट बनाया गया है। जो लोग सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए मिल रहे हैं उन पर कार्रवाई की जा रही है।**

अदिति बी सक्सेना एसीपी गोविंदपुरा

**बरखेड़ा पठानी में मैदान में बैठकर शराब पीने व वहां पर अवैध शराब बेचे जाने के शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। पिछले 12 दिनों में 70 लोगों को यहां पर शराब पीते हुए पकड़ा गया। यहां पर आकाश नाम का ब्लेकर अवैध शराब बिकवा रहा था। पिछले दिनों उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।**

अवधेश सिंह तोमर थाना प्रभारी गोविंदपुरा

अब नए सिरे से होगी प्रशासनिक जमावट

# राजधानी के एक एडीएम और तीन एसडीएम बदले

**भोपाल।** एक एडीएम, तीन एसडीएम और सात तहसीलदार-प्रभारी तहसीलदारों के ट्रांसफर के बाद भोपाल में अब नए सिरे से प्रशासनिक सर्जरी होगी। हालांकि, कुछ नए अधिकारी भोपाल में आए भी हैं, लेकिन उनकी संख्या ट्रांसफर हुए अधिकारियों की संख्या से कम ही है। बीती रात राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की ट्रांसफर लिस्ट आई। जिसमें एडीएम अंकुर मेश्राम को स्टेट सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड में महाप्रबंधक बनाया गया है। वहीं, बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय को जबलपुर, एमपी नगर एसडीएम एलके खरे को उप सचिव उच्च शिक्षा विभाग, संयुक्त कलेक्टर इकबाल मोहम्मद को निवाड़ी, संयुक्त कलेक्टर विनीत तिवारी को आयुष्मान भारत में सीईओ, गोविंदपुरा एसडीएम भुवन गुप्ता को भोपाल निगम में उपायुक्त बनाया गया है।

संयुक्त कलेक्टर राय, इकबाल मोहम्मद और खरे पहले ही पदोन्नत होकर अपर कलेक्टर हो चुके हैं। ऐसे में तीनों को राय को जबलपुर और इकबाल मोहम्मद की निवाड़ी अपर कलेक्टर के पद पद पोस्टिंग की गई है। भोपाल संभाग आयुक्त कार्यालय में उपायुक्त किरण गुप्ता का भी ट्रांसफर हुआ है। उनकी जगह भारती देवी मिश्रा उपायुक्त के तौर पर पदस्थ की गई हैं।

हुजूर तहसील में पदस्थ आलोक पारे को स्टेट गैरेज में अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, दतिया से आए एडीएम महेंद्र सिंह कवचे की पदस्थापना की गई है। परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर शिवांगी बघेल की पदस्थापना भोपाल में की गई है। इधर भोपाल नगर निगम में नए अधिकारियों ने आमद दी है। गोविंदपुरा एसडीएम गुप्ता को निगम में उपायुक्त बनाया गया है। संयुक्त कलेक्टर अमन मिश्रा की भोपाल वापसी हुई है। वे निगम में अपर आयुक्त बनाए गए हैं। निगम के अपर आयुक्त मुकेश शर्मा को राज्य लोक सेवा अभिकरण में संचालक बनाकर भेजा गया है। राज्य सरकार ने देर रात प्रदेश के 101 तहसीलदार और प्रभारी तहसीलदारों के भी तबादले किए।

# परीक्षा पास कर चुके शिक्षक अभ्यर्थियों का डीपीआई के सामने धरना

भोपाल। मध्यप्रदेश में शिक्षक भर्ती (वर्ग-2 और वर्ग-3) परीक्षा पास कर चुके 10,700 योग्य अभ्यर्थी सालों से जॉइनिंग के लिए भटक रहे हैं। दो-दो परीक्षाएं पास करने के बाद भी विभाग केवल आश्वासन दे रहा है, जिससे अभ्यर्थियों में भारी अक्रोश है। आज सैकड़ों अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन करते हुए राजधानी में आंदोलन शुरू किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया 4 साल से अटकी हुई है। भर्ती का नोटिफिकेशन 2022 में आया था। अप्रैल 2025 में चयन परीक्षा हुई और सितंबर 2025 में परिणाम भी



आ गया। नियम के तहत 3 महीने में जॉइनिंग मिलनी थी, लेकिन 9 महीने बाद भी नियुक्ति नहीं हुई।

उनका कहना है कि अभ्यर्थी प्रतिनिधिमंडल कई बार स्कूल शिक्षा मंत्री और विभागीय अधिकारियों से मिल चुका है लेकिन लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान अभ्यर्थियों ने आज लोक शिक्षण संचालनालय अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

## शहर में आज आंधी-बारिश का अलर्ट

सच प्रतिनिधि. भोपाल

राजधानी भोपाल सहित मध्य प्रदेश में मानसून की दस्तक दे दी है। लेकिन अब तक बारिश का आंकड़ा उम्मीद के मुताबिक नहीं पहुंच पाया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सामान्य तौर पर 31.9 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, जबकि इस बार केवल 22.7 मिमी बारिश दर्ज हुई है। यानी प्रदेश में औसतन 29 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। 55 में से 35 जिलों में सामान्य से कम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

मौसम विभाग ने आज मंगलवार को भोपाल, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, देवास, रायसेन, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, सागर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और निवाड़ी समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

निशातपुरा इलाके में हुई वारदात

# मीडियाकर्मी को बंधक बनाकर लूट, ऑनलाइन ट्रांसफर कराए 32 हजार रुपए

भोपाल।।

निशातपुरा इलाके में बदमाशों ने एक मीडियाकर्मी को निशाना बनाते हुए उसे बंधक बनाया तथा चाकू अड़ाकर 32 हजार रुपए लूट लिए। आरोप है कि बदमाशों ने पत्रकार को एक कमरे में ले जाकर परिचितों से ऑनलाइन पैसे मंगवाए और अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मीडिया कर्मी अनुज मीणा रोजाना की तरह अपनी ड्यूटी खत्म कर जगदीशपुर स्थित घर के लिए निकले थे। वे निशातपुरा इलाके से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी।

उन्होंने लिफ्ट देने से मना किया तो युवक अचानक उनकी बाइक के सामने आ गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर गिर गया। पीड़ित का आरोप है कि बाइक गिरने के तुरंत बाद वहां पहले से मौजूद तीन अन्य युवक भी पहुंच गए। बदमाशों ने उनकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया और जबरन पास के एक कमरे में ले गए। कमरे में ले जाकर आरोपियों ने नकदी की मांग की। पर्याप्त राशि नहीं मिलने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए परिचितों से ऑनलाइन पैसे मंगवाने के लिए दबाव बनाया। अनुज मीणा के अनुसार आरोपियों ने अलग-अलग माध्यमों से कुल 32 हजार रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। घटना के बाद उन्हें करीब रात 3 बजे छोड़ा गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




प्रकाशक सिकंदर अहमद, प्लॉट नं. 192, एवीएन टॉवर, जोन-1, एम.पी. नगर भोपाल-462011 की ओर से सच मीडिया पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा संपादित, संपादक सिकंदर अहमद और श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल, 462023 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सलाहकार सम्पादक : अशोक तरंगी। समाचार संपादक : चरण सिंह चौहान * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। आर.एन.आई. रजि. MPHIN/2012/42117, डाक पंजीयन म.प्र./भोपाल/4-460/2024-26, Mail-ID sachexpress013@gmail.com फोन नं. :- 0755-4212853